## एक नजर में

### महाविद्यालय गेट पर मॉड्यूल का पर्चा जलाकर जताया आक्रोश

**सिवनी मालवा 18 अगस्त 2025,** सिवनी मालवा में कुसुम महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव सचिन यादव के नेतृत्व में एन एस यूआई कार्यकर्ताओं ने एनसीईआरटी द्वारा हाल ही में जारी किए गए नए मॉड्यूल को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने मॉड्यूल की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार और आरएसएस-भाजपा पर इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि एनसीईआरटी का नया मॉड्यूल भारत के गौरवशाली इतिहास के साथ खिलवाड़ है। इसमें कई तथ्य तोड़े-मरोड़े गए हैं और बच्चों को ग़लत जानकारी पढ़ाई जा रही है। एनएसयूआई का आरोप है कि इस तरह की शिक्षा व्यवस्था से आने वाली पीढ़ी के मन और दिमाग़ में ज़हर घोलने का काम किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष देवेंद्र कुचबंदिया ने कहा कि सरकार शिक्षा को राजनीति का हथियार बना रही है। वहीं एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रांजल रघुवंशी ने कहा कि विद्यार्थियों को इतिहास की सही और निष्पक्ष जानकारी मिलनी चाहिए। इतिहास बदलने से न तो सच्चाई बदलेगी और न ही देश का भविष्य सुरक्षित होगा।

# श्रेष्ठ कालोनी का सपना होगा साकार : डॉ शर्मा

## न्यास कालोनी में 39 लाख रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य, बच्चों को मिलेगा गार्डन में खेलने का आंगन



**इटारसी, 18 अगस्त 2025** विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे ने न्यास कॉलोनी में लगभग 39 लाख की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान तेज बारिश होने लगी, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने भीगते हुए ही कार्यक्रम पूर्ण किया। इस अवसर पर वार्ड की महिलाओं ने विधायक का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने कहा कि वर्षों की उपेक्षा झेल रही न्यास कॉलोनी अब लगातार हो रहे विकास कार्यों से आदर्श बस्ती की ओर अग्रसर हो रही है। बड़े नाले पर निर्माण से कॉलोनी में स्वच्छता व जल निकासी की समस्या का समाधान होगा। डॉ शर्मा ने कहा कि न्यास कॉलोनी को सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी बनाने का सपना धीरे-धीरे साकार हो रहा है। गार्डन में बुजुर्गों के लिए कुर्सियां, बच्चों के लिए खेल सामग्री और झूले लगाए जाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरसिया ने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास है। प्राथमिकता खेल, शिक्षा, स्वच्छता और बच्चों की सुविधाओं पर रहेगी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा, सहायक इंजीनियर मीनाक्षी चौधरी, सब इंजीनियर सोनिका अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरसिया, महामंत्री शैलेष दुबे, पार्षद अमृता ठाकुर, गीता पटेल, जिमी कैथवास, अमित विश्वास, कुंदन गौर, पुनीत मालवीय, नगर मंडल उपाध्यक्ष संगीता मालवीय, पुनम सोनीकर, जया मीणा, सुरेंद्र सिंह, श्रीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### नपा ने ही बनाया था और नपा ने ही तोड़ा, जनता पूछ रही सवाल -तोड़ना था तो बनाया क्यों

**इटारसी।** शहर के सूरजगंज चौराह से सोनासांवरी नाका तक बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की कवायद के अंतर्गत आज दोपहर में सूरजगंज चौराहे पर बनी तीन शेर की मूर्तियों को तोड़ दिया गया है। इस चौराहे से सोनासांवरी नाका तक हर रोज कई मर्तबा जाम लगता है। पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में हुई विभिन्न विभागों की त्रैमासिक बैठक में भी यह मुद्दा उठा, जिसमें निर्णय हुआ था कि तीन शेरों की मूर्तियों को हटाया जाएगा और समीप ही लगे ट्रांसफार्मर को भी शासकीय गर्ल्स स्कूल की दीवार तरफ और पीछे शिफ्ट किया जाएगा।इस घटना को लेकर जनता पूछ रही है कि नपा ने ही बनाया था और नपा ने ही तोड़ा, तोडना था तो बनाया क्यों . नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं, इनमें सूरजगंज चौराह पर लगी तीन शेरों की मूर्तियां हटाना, बिजली का ट्रांसफार्मर शिफ्ट करना और सूरजगंज चौराहे पर बने श्री हनुमान मंदिर को भी उसी जगह से थोड़ा पीछे हटाने की बात चल रही है। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा इस विषय पर विभिन्न संबंधित लोगों से चर्चा कर रहे हैं, सारे काम विधि अनुसार ही किये जाएंगे। रेलवे स्टेशन के सामने का मंदिर भी पीछे ही गोठी धर्मशाला की हाल ही में खाली हुई दुकान वाले स्थान पर शिफ्ट करने की योजना है। पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया है।इस विषय में गोठी धर्मशाला प्रबंधन और प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के साथ जो भी राय बनेगी, उसके अनुसार आगे की योजना तैयार होगी।रेलवे स्टेशन के पास ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या है।खासकर रेलवे स्टेशन के सामने।यहां अक्सर शाम के समय वाहनों की भीड़ बढ़ जाती है।इस समस्या से निपटने के लिए कई बार ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। हालांकि, अमृत भारत योजना के तहत इटारसी जंक्शन का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्टेशन पर कई बदलाव किए जा रहे हैं, जैसे कि प्लेटफॉर्म को चौड़ा करना, नए स्ट्रक्चर बनाना और पार्किंग के लिए जगह बनाना। भविष्य में इन सुधारों से स्टेशन के आसपास के ट्रैफिक में कुछ हद तक सुधार होने की उम्मीद है।

# टीआई की ताबड़तोड़ कार्यवाही से शराब माफियाओं में दहशत

**थाना प्रभारी के सामने कई तरीके की चुनौतिया हैं क्योंकि एक तरफ़ पूरा शहर अवैध धंधों की चंगुल में फंस चुका है।**

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 18 अगस्त** नर्मदापुरम कोतवाली में जबसे थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने कोतवाली की कमान संभाली है तब से प्रतिदिन शराब माफियाओं के विरुद्ध लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। हालांकि थाना प्रभारी के सामने कई तरीके की चुनौतिया हैं क्योंकि एक तरफ़ पूरा शहर अवैध धंधों की चंगुल में फंस चुका है। हर चौक चौराहों पर मदिरा उपलब्ध है, खुल्लम खुल्ला सट्टे के काउंटर बेधड़क चल रहे हैं,छोटी बजरिया बड़ी बजरिया जुआरियों की पनाहगाह बना हुआ है,देर रात होटलों में असामाजिक गतिविधियों का चलना अपने आप में बड़ी अनदेखी या कहें बड़े लोगों के संरक्षण को दर्शाता है। इन सब के बीच लेडी सिंघम की कोशिशें क्या रंग लाएंगी ये देखने वाली बात होगी। अभी टीम कंचन ने शराब माफियाओं के नाक में दम कर रखा है। रविवार को भी सफेद हुंडई कार क्रमांक mp05 ca7138 से अवैध रूप से ले जाइ जा रही तकरीबन 40.04 लीटर शराब,जिसकी कीमत तकरीबन 30600/,(तीस हज़ार छह सो रुपए)बताई जा रही है,जो के सूत्रों की सूचना पर पुलिस सर्चिंग के दौरान बुधनी रोड भोपाल तिराहे से पुलिस ने अपनी कस्टडी में ली।कार परिवहन कर ले जाते हुए आरोपी चंद्रभान पिता धनीराम नोरिया उम्र 50 वर्ष जो की निवासी आर.आर.रेस्टोरेंट के पास 10 सदर बाजार नर्मदापुरम निवासी से जप्त की गई है।थाना प्रभारी कंचन ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिदिन शराब माफियाओं पर नकेल कसी जा रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य कार्रवाई करते हुए बालागंज क्षेत्र में भी रेड की गई,जिसमें पुलिस टीम ने आरोपी छाया पति राज सनकत निवासी बालागंज से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई।वहीं आरोपी काजल पति रिंकू मेशकर निवासी बालागंज के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग आबकारी एक्ट में अपराध कायम किये गए हैं।आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# संविदा नीति लागू करने सड़कों पर उतरे संविदा कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 18 अगस्त** मध्यप्रदेश में संविदा कर्मचारियों की अनदेखी और लंबित संविदा नीति को लेकर सोमवार को नर्मदापुरम में प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर संविदा संघर्ष संयुक्त मंच की जिला इकाई ने जोरदार प्रदर्शन किया।मंच के पदाधिकारी और दर्जनों संविदाकर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।संविदा कर्मियों की प्रमुख मांगों में 23 जुलाई 2023 को घोषित संविदा नीति का क्रियान्वयन जल्द से जल्द हो। महंगाई भत्ता अर्जित एवं मेडिकल अवकाश का प्रावधान,सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत पदों पर संविदाकर्मियों को वरीयता न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक की पात्रता कम से कम 20 लाख रुपये का सामूहिक बीमा, संविदाकर्मियों को शासकीय आवास आबंटन की सुविधा चिकित्सा क्षेत्र के संविदाकर्मियों को पीएससी पदों पर नियमित किया जाए,एवं पूर्व सीएम शिवराज सिंह द्वारा संविदा महापंचायत में की गई घोषणा अनुसार संविदा नीति में संशोधन कर पुन:नीति जारी कर सभी विभागों में समान रूप से लागू की जाए। संयुक्त मंच के संभाग अध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि 4 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री ने संविदा कमर्चारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु कल्याणकारी घोषणायें की थीं,परंतु आज दिनांक तक घोषणा अनुसार आदेश जारी नहीं हुए हैं, और जो संविदा नीति जारी की गई है, उसे सभी विभागों में समान रूप से लागू नहीं किया गया है। जिस कारण संविदा कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा से वंचित हैं। मजदूर संघ के सह जिला मंत्री एवं कोषाध्यक्ष के मार्गदर्शन में तथा मंच के प्रदेश महामंत्री डी के उपाध्याय,जिला अध्यक्ष तरूण डिगरसे,के नेतृत्व में रैली निकाली

### जन्माष्टमी पर निकली झांकी

**पिपरिया** सरस्वती शिशु मंदिर मटकुली जन्माष्टमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाई गई । सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा गोवर्धन पर्वत, माखन चोरी, कंस वध, मटकी फोड, चीरहरण की सुन्दर सुन्दर झांकियां सजाई गई साथ ही चांदनी चौक माता मंदिर से श्रीकृष्ण व वासुदेव बनाकर पालकी निकाली गई। इस दौरान ग्राम में विशेष उत्साह था जगह जगह पुष्प वर्षा व स्वागत हुआ विद्यालय की जिला समिति सदस्य सतीश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । इस अवसर पर विद्यालय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया.

# सीमांकन पर उठे सवाल, आरोप निराधार -गोठी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 18 अगस्त 2025** मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मीडिया को श्री महावीर जैन समिति ने लिखा ज्ञापन कहा अवैध गैरकानूनी सीमांकन कार्यवाही की आड़ में शासकीय भूमि को किया जा रहा खुर्द बुर्द मामला खसरा नंबर 18/9 रकबा 50400 वर्ग फुट भूमि का समिति ने तीन पेज के ज्ञापन में अपने ही समाज के शहर के बड़े व्यापारी पर लगाए गंभीर आरोप ज्ञापन में सीमांकन की कार्यवाही ईमानदार निष्पक्ष उच्च स्तरीय राजस्व अधिकारी से कराते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है श्री महावीर जैन समिति ने चेतावनी देते हुए कहा अगर न्याय नहीं मिला तो जैन समाज इटारसी में चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा. जिस हेतु जैन एकमत हो गये हैं.

### हमारे पास सभी वैधानिक दस्तावेज मौजूद हैं - सुधीर गोठी

जिस जमीन का हवाला दिया जा रहा है वह हमारे द्वारा सन 1962 में क्रय की गई थी . जिसके सभी वैधानिक दस्तावेज हमारे पास मौजूद हैं, भविष्य में न्यायालय एवं अन्य मंच पर हम अपनी ओर से सभी दस्तावेज पेश करेंगे . जिससे यह तय हो जावेगा कि किसी भी रूप में हमने किसी भी संपत्ति पर कब्जा या गलत उददेश्य से उपयोग नहीं किया है . हमारे द्वारा महावीर जैन समिति या अन्य किसी संस्था पर आरोप नहीं लगाये गये हैं . हमारा परिवार कई पीढियों से इटारसी में प्रतिष्ठा के साथ अपना व्यापार कर रहा है . साथ ही सामाजिक कार्यों एवं अन्य गतिविधियों में भी हमारे परिवार की भूमिका महती रहती है . हमने हमारी भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा है . इस संबंध में जो भी आरोप लगाये गये हैं वह निराधार हैं .

### नंद महोत्सव मनाया

**पिपरिया.** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन श्री बाल कृष्ण लालजी की हवेली बल्लभ सुख धाम में नंद महोत्सव का आयोजन किया गया। बालकृष्ण लाल जी की हवेली बल्लभ सुख धाम में आयोजित नंद महोत्सव में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल सहित वैष्णवजन धर्म परायण जनता ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया । भजन कीर्तन के साथ ही नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की , हाथी जी ने घोड़ा जी ने और जीने पालकी सहित विभिन्न उदघोषो के साथ नन्द महोत्सव कार्यक्रम लगभग 4 घंटे चला ।

# कलेक्टर ने गांव में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, किया निराकरण

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को तहसील बनखेड़ी के दूरस्थ ग्राम धड़ाव-पड़ाव, डंगरहाई एवं तिंदवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केंद्रों, शासकीय विद्यालयों एवं रेशम केंद्र का अवलोकन कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धड़ाव-पड़ाव पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व, ई-केवाईसी, आधार की समीक्षा की साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मीना ने चौपाल लगाकर किसानों से खाद एवं उर्वरक की समस्या पर चर्चा की तथा कामती समिति के माध्यम से किसानों को यूरिया वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम धड़ाव में श्मशान घाट निर्माण हेतु जनपद सीईओ को प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा ग्राम डंगरहाई में आंगनवाड़ी केंद्र एवं शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी भवन के जर्जर होने की समस्या से अवगत कराया, तत्संबंध में कलेक्टर ने सीडीपीओ को नवीन भवन निर्माण हेतु एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या के संबंध में कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत बनखेड़ी को आवश्यक कार्यवाही कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेशम केंद्र, तिंदवाड़ा पहुंच कर रेशम केंद्र का निरीक्षण किया साथ ही हितग्राही एवं रेशम कार्य कर लखपति बनी दीदीयो से चर्चा कर उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित भी किया। साथ ही, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, बंटवारा आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### जयप्रकाश अग्रवाल की धर्मपत्नि का निधन

**इटारसी.** शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री वल्लभ दास अग्रवाल की पुत्रवधू, श्री जयप्रकाश अग्रवाल की धर्मपत्नी, चंद्र प्रकाश अग्रवाल ज्ञान प्रकाश अग्रवाल की भाभी, वैभव अग्रवाल, एवं अभिषेक अग्रवाल की माता जी, अंकित अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल की चाची श्रीमती सुषमा अग्रवाल का 65 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को व्ही आई पी कावेरी स्टेट इटारसी से राजघाट नर्मदापुरम के लिए 19 अगस्त मंगलवार को प्रात: 9.30 बजे निकाली जावेगी.

# कानूनी जागरुकता बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु आवश्यक लगाया शिविर

नवभारत न्यूज

**हरदा, 18 अगस्त** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर के मार्गदर्शन में सोमवार को तक्षशिला एकेडमी, द फाउंडेशन ऑफ ऐज्युकेशन तथा माँ शारदा विद्या मंदिर स्कूल हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में बताया। भारतीय संविधान के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं जो नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं। मौलिक अधिकार व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं, मौलिक कर्तव्य नागरिकों के सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत नालसा लैंगिक हमलों महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी दी.

### छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया

**हरदा** बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा वर्ष 2023-24 की प्रावीण्य सूची जारी की गईं जिसमें हरदा डिग्री कॉलेज की 10 छात्राओं ने बाजी मारकर मेरिट सूची में आने की अपनी परंपरा को बरकरार रखकर महाविद्यालय का परचम लहराया। विभिन्न पाठ्यक्रमों में इन छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय व हरदा जिले को गौरवान्वित किया।यह उपलब्धि महाविद्यालय की एकेडमिक तैयारियों की श्रेष्ठता को बयां करती हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त करके मेरिट सूची में विद्यार्थियों ने स्थान बनाया.

# नासूर की तरह बढ़ रहा अवैध अतिक्रमण

नव भारत न्यूज

**हण्डिया 18 अगस्त** तहसील मुख्यालय पर बरसों से क्षेत्र के नागरिक एक स्थायी बस स्टैंड कि मांग शासन/प्रशासन से करते आ रहे हैं लेकिन इस समस्या का कोई समाधान आज तक नहीं निकल पाया है। अस्थायी बस स्टैंड पर बढती अव्यवस्था के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बताया जाता हैं कि हरदा-देवास जिले की सीमा को जोड़ने बाले नर्मदा पुल- पर से सैकड़ो की संख्या में यात्री बसें ,वाहन इन्दौर, मार्गो के लिए गुजरते हैं! जिससे बीच मार्ग पर खड़े दो पहिया वाहनों से यात्रियों को परेशानी होती हैं, तथा हादसों का अन्देशा भी बना रहता है. हंडिया बस स्टैंड पर नगर के अन्दर जाने बाले मार्ग पर बेतरतीब वाहनों को वाहन चालक बीच मार्ग पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे हमेशा ही जाम कि स्थिति निर्मित हो रही है।

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 18 अगस्त** सिवनी मालवा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम धमासा के ग्रामीणों ने अवैध शराब विक्रय से परेशान होकर अवैध शराब बिक्री के खिलाफग्रामीणों ने एसडीएम और थाना प्रभारी को शिकायत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने और सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज करने को बाध्य होंगे। ग्राम धमासा के दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सरोज सिंह परिहार एवं सिवनी मालवा थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपा ओर समस्याओं को बताया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम धमासा में लंबे समय से कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

### मोबाइल के संबंध में दिलाई शपथ

**सिवनी मालवा, 18 अगस्त** नगर के एस डी ए एम महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मीनल तिवारी मैडम और संचालक तनवीर सर द्वारा ध्वजा रोहण किया गया और राष्ट्रगान पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से वातावरण को देश भक्ति के रंग में रंग दिया।

# ब्रम्हाकुमारी विवि द्वारा मनाया जन्माष्टमी पर्व

नवभारत न्यूज

**खिरकिया, 18 अगस्त** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ,खिरकिया द्वारा श्वेतांबर जैन मांगलिक भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया । जिसमें सिराली उपसेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भव्यता बहन ने जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा की श्री कृष्ण जन्माष्टमी आते ही सारे भारतवर्ष में हर्षोल्लास का महौल छा जाता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म कारावास में दिखाया जाता है। उनका जन्म होते ही कई प्रकार की बेड़िया भी टूट गई। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म जरूर मनाये लेकिन उसके पीछे के आध्यामिक भाव को भी समझे कारावास अर्थात बंधन कलयुग के अंदर आज देखा जाए तो हर एक व्यक्ति के जीवन में बंधन है और वह बंधन की बेड़ियों को काट नहीं पा रहे हैं।


### जाहिर सूचना

आपके दैनिक समाचार पत्र में उनकी पुत्री Izma के नाम से पासपोर्ट बना हुआ है जिसका क्रमांक P 8217203 है जो कि दिनांक 27.04.2022 को समाप्त हो गया है। उक्त पासपोर्ट बना था उस समय साकिब अहमद की पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 03161515244 में उपनाम Ahmed दर्ज नहीं था एवं आधार कार्ड क्रमांक 9966 2487 3459 में भी उनकी पुत्री के नाम के साथ उपनाम Ahmed दर्ज नहीं था जिसके कारण उनकी पुत्री Izma के पासपोर्ट में उपनाम Ahmed दर्ज नहीं हो पाया था। Izma Ahmed आधार नं. 9966 2487 3459 पिता Saquib Ahmed आधार नं. 6841 2926 3315 माता Saima Ahmed आधार नं. 886 3906 8710 है।यह कि वर्तमान में साकिब अहमद द्वारा अपनी पुत्री Izma Ahmed के सभी दस्तावेजों जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक B-2021:23-90235-021413 एवं आधार कार्ड क्रमांक 9966 2487 3459 में अपनी पुत्री Izma के नाम के साथ उपनाम Ahmad जुडवा लिया है। Izma के सभी दस्तावेजों में नाम Izma Ahmed दर्ज है। यह कि साकिब अहमद अपनी पुत्री Izma के पासपोर्ट का नवीनीकरण कराना चाहते हैं और उक्त पासपोर्ट क्रमांक P 8217203 में Izma के स्थान पर उसका पूरा नाम उपनाम सहित Izma Ahmed दर्ज कराना चाहते है। यह कि उक्त नाम परिवर्तन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति या दावा हो तो वह पासपोर्ट विभाग भोपाल में आपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है । साकिब अहमद की पुत्री Izma के पासपोर्ट में उनकी पुत्री का पूरा नाम उपनाम सहित Izma Ahmed दर्ज कराने के संबंध में आम सूचना पत्र (जाहिर सूचना) प्रकाशन करने हेतु अधिकृत एवं अनुदेशित किया है।


# पानी का पैसा दोगे तभी मिलेगा पीने का पानी-सीएमओ

1. नगर पालिका ने अभिषेक ग्रीन वैली कॉलोनी में पानी सप्लाई की बंद
2. मुख्य नपा अधिकारी ने हाथ जोड़कर कहा सिर्फ वही परिवार पानी ले पाएंगे जो वैध नल कनेक्शन की राशि जमा करेंगे



नवभारत न्यूज

**हरदा, 18 अगस्त 2025** नगर पालिका ने सोमवार को अभिषेक ग्रीन वैली कॉलोनी की पानी सप्लाई बंद कर दी। कारण है कि कॉलोनी के किसी भी निवासी ने वैध नल कनेक्शन नहीं लिया है। पांच साल से नपा भर रही थी बिजली बिल कॉलोनी में सौ से ज्यादा परिवार रहते हैं। नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि शुरू में कॉलोनाइजर ही पानी की सप्लाई करता था। कॉलोनी नगर पालिका को सौंपे जाने के बाद वहां लगी मोटर से पानी दिया जा रहा था। पिछले पांच सालों से मोटर का बिजली बिल भी नगर पालिका ही भर रही थी, जो हर महीने 15 से 20 हजार रुपए आता है। इस तरह नपा ने लाखों रुपए का भुगतान कर दिया, लेकिन कॉलोनीवासियों ने न तो जलकर जमा किया और न ही कनेक्शन की राशि। सीएमओ ने बाद में बिल देने के लिए कहा कॉलोनी के लोगों का कहना है कि वे चार बार नगर पालिका पानी का बिल जमा करने पहुंचे थे, लेकिन सीएमओ ने बाद में जमा करने को कहा। कनेक्शन की पेमेंट देने वालों को ही मिलेगा पानी सीएमओ कमलेश पाटीदार ने कॉलोनी वासियों से हाथ जोड़कर कहा कि अब से सिर्फ वही परिवार पानी ले पाएंगे, जो वैध नल कनेक्शन की राशि जमा करेंगे।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद हरदा जिला - हरदा म प्र

Mail- cmoharda@mpurban.gov.in , Phone - 07577-225301

क्रमाक /5168/रा.वि./2025 हरदा, दिनाक 14.08.2025

**//तृतीय ऑनलाईन निविदा सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व की 01 भूखण्ड को स.प्र.न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 109 के साथ पढित धारा 355 तथा म.प्र.न.पा. अचल संपति अंतरण नियम 2016 एवं म0प्र0 राजपत्र आसाधारण दिनांक 04 मई 2021 में प्रकाशित प्रावधानों के अंतर्गत 30 वर्ष की अवधि हेतु स्वात्व अधिपत्य मूल्य प्रीमियम बेसिस वार्षिक किराये पर देने हेतु घोष, विक्रय हेतु निविदा वेवसाईट www.mptender.gov.in निम्नानुसार दरें आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र बेवसाईड पर दिनांक 19/8/25 से 25/8/25 तक क्रय की जा सकती है। है। बिड समिट दिनांक समय 5.30 तक निविदा संशोधित होने की स्थिति में बेवसाईड पर ही देखा जा सकता है।

| क्रं. | भूखण्ड क्रं | वार्ड का नाम/ वार्ड क्रं / स्थान | भूखण्ड का नजरी नक्शा एवं क्षेत्रफल वर्गफुट | संपति का आरक्षित मूल्य देय होगा | अमानत राशि 2.5 | वार्षिक भू भाटक अंतिम बोली पर | आरक्षण की स्थिति | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 01 | बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रमांक 08, बंग पुलिस के पास | 26× 32 = 832 | 8,74,000 | 21,850 | 0.5% | अनारक्षित | 2000 |

निविदा की नियम एवं शर्ते की जानकारी एवं अन्य शर्ते नगर पालिका कार्यालय में कार्यालय दिवस व समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका हरदा